Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर हाल कार्यवाहक प्रिंसिपल रवि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नेवटा जयपुर व दलाल 25000 रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार**

जयपुर 23 जनवरी, गुरूवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जयपुर ईकाई तृतीय, जयपुर द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपीगण **राजकुमार ढाका असिस्टेंट प्रोफेसर हाल कार्यवाहक प्रिंसिपल, रवि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नेवटा जयपुर व दलाल श्योजीराम चौधरी ई-मित्र संचालक, नेवटा** को परिवादी से **25000 रूपये** रिश्वत के रूप में प्राप्त करने पर गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ० रविप्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी जयपुर ईकाई तृतीय, जयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि परिवादी की बी०एड० प्रथम वर्ष की उपस्थिति शॉर्ट नहीं करने, प्रेक्टिकल में फेल नहीं करने व बी०एड० प्रथम वर्ष इंटर्नशिप हेतु कॉलेज रिलिविंग लेटर (कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र) देने की एवज में **42,000/- रूपये** रिश्वत राशि मांग कर पिछले छः महिने से परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस-प्रथम श्री कालूराम रावत** के सुपरविजन में एसीबी जयपुर नगर ईकाई तृतीय के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञान प्रकाश नवल** के निर्देशानुसार **श्री सुरेश कुमार स्वामी उप अधीक्षक पुलिस** द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपीगण राजकुमार ढाका असिस्टेंट प्रोफेसर हाल कार्यवाहक प्रिंसिपल रवि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय नेवटा जयपुर व दलाल श्योजीराम चौधरी ई-मित्र संचालक नेवटा को परिवादी से **25000 रूपये** की रिश्वत प्राप्त करने पर गिरफ्तार किया गया।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव, के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ की कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।